दिनांकः 12.07.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेशभर में कल राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित साल की ये दूसरी लोक अदालत होगी। इसमें राजीनामे के जरिये विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत मामलों की सुनवाई के लिए पांच सौ बारह बैंचों का गठन किया गया है। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मामलों की सुनवाई होगी। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया जाएगा। हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ में दो हजार और जयपुर पीठ में करीब पौने तीन हजार मामलों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। लोक अदालतों के प्रति जागरुकता के लिए प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीग विधिक सेवा समिति की ओर से शिविर लगाया गया और लोगों को जागरुक किया गया।

राज्य के 10 जुलाई को पेश पूर्ण बजट में किसानों के लिए की गई घोषणाओं के लिए भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद किया गया। जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में मोर्चा से जुड़े पदाधिकारियों और प्रदेशभर से आए किसानों ने आभार जताया। इस दौरान केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में किसानों ने बजट में किये गये प्रावधानों को लेकर खुशी जताई और राज्य के साथ ही केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया।

राज्य सरकार ने भीलवाड़ा जिले में रीको के नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। रीको का नया औद्योगिक क्षेत्र जिले की आसींद तहसील में मोड का निम्बाहेड़ा में बनाया जाएगा। इसके लिए करीब सौ हेक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी। सरकार के इस निर्णय से भीलवाड़ा जिले में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा।

साइबर ठगी से जुड़े मामले सामने आने के बाद डीग जिले के कई इलाकों में पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस संबंध में चलाए गये एंटी वायरस अभियान के तहत सीकरी से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन और सिम जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ये लोग विभिन्न स्थानों पर होटल किराए पर लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी करते थे।

हनुमानगढ़ जिला आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। वर्ष 1994 में आज ही के दिन श्रीगंगानगर जिले से अलग होकर हनुमानगढ़ जिला अस्तित्व में आया था। इस अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हनुमानगढ़ की धरती प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता की गौरवशाली गाथा कहती है। उन्होंने जिले के गोगामेड़ी और अन्य मंदिरों और स्मारकों का उल्लेख करते हुए उम्मीद जताई कि हनुमानगढ़, विकास की नई बुलंदियां छुएगा।

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान नागौर और धौलपुर जिले में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा परबतसर में 89 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। धौलपुर के सैपऊ में 65 मिलीमीटर और सिरोही के रेवदर में 60

मिलीमीटर वर्षा हुई। राजधानी जयपुर में भी कल शाम कई इलाकों में तेज बरसात हुई। विभाग के अनुसार आज भी राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की संभावना है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगजन को सशक्त बनाने में शामिल संस्थानों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार आवेदन आमंत्रित किए हैं। सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने कहा है कि पुरस्कार का उद्देश्य दिव्यांगो के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले संगठनों को मजबूत बनाना और प्रोत्साहित करना है। ऑनलाइन नामांकन इस महीने की 31 तारीख तक किये जा सकेंगे। चुने गये व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को तीन दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।